mahindra Rise

**प्रेस विज्ञप्ति**

# महिंद्रा ने ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज से भारत के पिकअप सेगमेंट में मचाई हलचल; 7.85 लाख रुपए से शुरू

*ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज में मिलेगे बेजोड़ फीचर व जबरदस्त परफॉर्मेंस, वह भी अविश्वसनीय कीमत पर*

*मिलेगी बेहतर माइलेज, परफॉर्मेंस, कंफर्ट, सेफ्टी और प्रोडेक्टिविटी, फायदे का सौदा*

*ग्राहकों के लिए महिंद्रा से लगाव को मजबूत करने के लिए नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंजः अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बिलकुल नई गाड़ी, फिर भी कीमत में कोई बदलाव नहीं*

- **जानदार 3050 मिमी कार्गो बेड सहित 1.3 टन से लेकर 2 टन तक की पेलोड क्षमता, इस सेगमेंट में उद्योग में पहली बार हुआ है ऐसा**
- **बेहतर शक्ति और टॉर्क के साथ नया एम2डी इंजन, जो भारी वजन को आसानी से संभालने में सक्षम**
- **छह भाषाओं में मोबाइल ऐप पर उपलब्ध 50 से अधिक सुविधाओं के साथ आईमैक्स सॉल्यूशन वाली शक्तिशाली फ्लीट मैनेजमेंट तकनीक, वीकल ट्रैकिंग, रूट प्लानिंग, एक्सपेंस मैनेजमेंट, जियो-फेंसिंग और वीकल हेल्थ मॉनिटरिंग करती है आसान**
- **दो सीरीज में उपलब्ध - एचडी सीरीज (एचडी 2.0एल, 1.7एल और 1.7, 1.3) और सिटी सीरीज (सिटी 1.3, 1.4, 1.5 और सिटी सीएनजी)**

**मुंबई, 25 अप्रैल, 2023:** भारत में नंबर 1 पिकअप ब्रांड बोलेरो पिक-अप के निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने आज अपनी ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज (Bolero MaXX Pik-Up range) लॉन्च की। 7.85 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत से शुरू ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को ग्राहकों और ऑपरेटरों को एक कम कीमत पर जबरदस्त फीचर और परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार किया गया है।

हल्की, अधिक कॉम्पैक्ट और वर्सेटाइल ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज पेलोड क्षमता, ईंधन दक्षता, सुरक्षा और ड्राइविंग अनुभव के लिए नए बेंचमार्क सेट करती है। पहले से कहीं अधिक फायदे का सौदा साबित होते हुए इसमें स्मार्ट इंजीनियरिंग भी शामिल है।

नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को 24,999 रुपये के न्यूनतम डाउनपेमेंट पर बुक किया जा सकता है। महिंद्रा ने आसान खरीद और ऑनरशिप एक्सपीरियंस के लिए आकर्षक फाइनेंस स्कीम भी पेश की है।

Copyright © 2023 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.

ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज एक नए प्लेटफॉर्म के साथ गेम चेंजर होने का वादा करती है, जबकि इसकी कीमत बोलेरो डीएनए के समान ही रखी गई है। यह महिंद्रा की गाड़ियों की उसी साख और ताकत को आगे बढ़ाती है, जो देती है मजबूती, विश्वसनीयता, कम रखरखाव लागत और अच्छी रीसेल कीमत। इसमें देश भर की शहरी सड़कों और हाइवे पर छाई बोलेरो की टाइमलैस और मिनिमम डिजाइन को भी बनाए रखा गया है।

**एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रेसिडेंट विजय नाकरा** ने कहा, 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए गहराई से प्रतिबद्ध एक कंपनी के रूप में हम ऐसे प्रोडक्ट तैयार करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं जो न केवल ग्राहक केंद्रित हैं बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। महिंद्रा में, हम लगातार अपने ग्राहकों के जीवन को समृद्ध बनाने का प्रयास करते हैं, उन्हें वर्सेटाइल वीकल देते हैं जो विकास और समृद्धि लाते हैं। पूरी तरह से नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज अत्याधुनिक सुविधाओं, बेजोड़ शक्ति, अधिकतम पेलोड क्षमता और उच्च माइलेज की पेशकश करती है, इसका वादा है कि ड्राइवरों के लिए हर सफर प्रोडेक्टिव और थकान-मुक्त रहेगा। यह वास्तव में बेहतरीन गाड़ी की तलाश कर रहे किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे बेस्ट विकल्प है। इस प्रोडक्ट सीरीज के साथ हम ग्राहकों को अद्वितीय मूल्य देने और पिक-अप सेगमेंट में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने के लिए महिंद्रा की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए बहुत प्रसन्न महसूस कर रहे हैं।

**एमएंडएम में ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट के प्रेसिडेंट आर. वेलुसामी** ने कहा, "महिंद्रा रिसर्च वैली के इंजीनियरों की एक समर्पित टीम ने लगातार तीन साल तक इनोवेटिव काम किया और इसी के नतीजे में एक नए और वर्सेटाइल प्लेटफॉर्म का विकास हुआ, जो ऑल-न्यू बोलेरो मैक्सपिक-अप रेंज को आधार देता है। असली कामयाबी यह है कि हम अलग-अलग कार्गाे लंबाई और पेलोड क्षमता के उत्पादों की दो प्रोडक्ट्स की सीरीज पेश कर रहे हैं, जिनमें 1.3 टन से 2 टन तक की क्षमता है। इस तरह दक्षता और उत्पादकता को अधिकतम किया जा सकता है, साथ ही डीजल और सीएनजी के विकल्प भी मिलते हैं। हमने प्रभावशाली ईंधन दक्षता की पेशकश करते हुए, 2 टन तक के पेलोड को पूरा करने के लिए टॉर्क और पावर को बढ़ाकर, इस एप्लिकेशन के लिए एम2डीआई इंजन को महत्वपूर्ण रूप से अपग्रेड किया है। साथ ही, हमने कार जैसी आईमैक्स कनेक्टिविटी तकनीक को एकीकृत किया है, जो अपने सेगमेंट में पहली है। इन सभी शानदार खूबियों के संयोजन से नई बोलेरो मैक्स पिकअप रेंज हमारे ग्राहकों के लिए ड्राइविंग अनुभव को बढ़ाते हुए उनके लिए उत्पादकता को बढ़ाती है और उन्हें कमाई की क्षमता प्रदान करती है।"

ब्रांड के पहली बार लॉन्च होने के बाद से महिंद्रा ने दो मिलियन से अधिक पिक-अप यूनिट बेची हैं। भारत के लिए भारत में डिजाइन और निर्मित इसके वाहनों की रेंज देश की लॉजिस्टिक्स जरूरतों के लिए विशिष्ट रूप से अनुकूल है, जो इसे देश के लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क की रीढ़ बनाती है।

नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज दो सीरीज में आ रही है - एचडी सीरीज (एचडी 2.0 लीटर, 1.7 लीटर और 1.7, 1.3) और सिटी सीरीज (सिटी 1.3, 1.4, 1.5 और सिटी सीएनजी)। इसे ग्राहकों को अच्छी परिचालन और कमाई क्षमता के साथ-साथ एक बिना रोक-टोक वाला आनंददायक ऑन-रोड अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त, नई रेंज हाई पेलोड क्षमता, बेहतर माइलेज और प्रदर्शन, बेहतर आराम और सुरक्षा और अत्यधिक विश्वसनीय और कुशल परिवहन समाधान प्रदान करती है।

Copyright © 2023 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.

**प्राइस डिटेल (एक्स-शोरूम):**

| एचडी रेंज | | सिटी रेंज | |
|---|---|---|---|
| HD 1.7 LX CBC | | CITY 1.3 LX CBC | |
| HD 1.7 LX | | CITY 1.3 LX | |
| HD 1.3 LX | | | |
| | | CITY 1.4 LX CBC | |
| HD 1.7L LX | | CITY 1.4 LX | |
| HD 2.0 LX CBC | | CITY 1.5 LX CBC | |
| HD 2.0 LX | | CITY 1.5 LX | |
| | | CITY CNG | |

- *VXi वैरिएंट की कीमत एलएक्स वैरिएंट से 25000 से 30000 रुपए अधिक है*
- *गोल्ड कलर, सफेद कलर से 5000 रुपए अधिक है*

**<u>ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज के बारे में:</u>**

**मैक्स परफॉर्मेंस**

ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज में 52.2kW/200Nm और 59.7kW/220Nm की अलग-अलग पॉवर और टॉर्क नोड्स हैं और यह डीजल और सीएनजी विकल्पों के साथ डींपदकतं के उन्नत उ2क्प इंजन द्वारा संचालित है। नई रेंज 1.3 टन से 2 टन तक की कई पेलोड क्षमताओं के साथ आती है, कार्गो बेड की लंबाई 3050 मिमी तक है जो माल के परिवहन के लिए अधिक भार क्षमता सुनिश्चित करती है।

**मैक्स टेक्नोलॉजी**

**बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज आईमैक्स से जुड़े सॉल्यमूशंस से लैस है जो ग्राहकों और फ्लीट मालिकों को अपने फोन पर आईमैक्स ऐप का उपयोग करके आसानी से अपने वाहनों की निगरानी करने की अनुमति देता है। ऐप छह भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, कन्नड़, तेलुगु और मलयालम में उपलब्ध है - जिससे यूजर्स के लिए पूरे भारत में संचालन करना आसान हो जाता है। वाहन ट्रैकिंग, रूट प्लानिंग, व्यय प्रबंधन, जियो-फेंसिंग और स्वास्थ्य निगरानी सहित 50 से अधिक सुविधाओं के साथ आईमैक्स फ्लीट मैनेजमेंट में सुधार की सुविधा देता है।**

**मैक्स कंफर्ट**

**बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज में ढेर सारी विशेषताएं शामिल हैं जो बेहतर आराम और कार्यक्षमता सुनिश्चित करती हैं। सीएमवीआर सर्टिफाइड डी+2 सीटिंग और हाइट-एडजस्टेबल ड्राइवर सीटें लंबी यात्रा के लिए बेहतर आराम सुनिश्चित करती हैं। केबिन के एक्सटीरियर और इंटीरियर को भी पूरी तरह से नया रूप दिया गया है, जिससे यह**

Copyright © 2023 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.

**शहर और हाईवे दोनों के लिए उपयुक्त है। केबिन में आसानी से प्रवेश करने और निकलने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे एक आरामदायक अनुभव मिलता है।**

**मैक्स सेफ्टी**

**बेहतर सुरक्षा के लिए ऑन-रोड विजिबिलिटी, स्थिरता और हैंडलिंग में सुधार के लिए टर्न सेफ लाइट और चौड़े व्हील ट्रैक जोड़े गए हैं। सिंगल-पीस बीएसओ (बॉडी साइड आउटर) ताकत और सख्ती देता है। स्ट्रेस-पीन सस्पेंशन और छोटे रियर ओवरहैंग्स द्वारा उच्च लोडिंग क्षमता, वाहन के स्थायित्व को बेहतर बनाने के लिए एचएसएलए (हाई स्ट्रेंथ लो अलॉय) का उपयोग किया गया है। इन सभी विशेषताओं के साथ, बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज अधिक पेलोड क्षमता और कार्गो उपयोग प्रदान करती है, जो इसे एक भरोसेमंद और कुशल पिक-अप वाहन की तलाश करने वालों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाती है।**

| **ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज की श्रेणी की कुछ विशेषताए:** |
|---|
| • बेहतर प्रमाणित माइलेज और प्रदर्शन के लिए बिलकुल नया एम2डीआई इंजन<br>• सीएमवीआर प्रमाणित डी$2 सीटिंग<br>• आराम के लिए हाइट-एडजेस्टेबल चालक सीटें<br>• ओईएम फिटेड कनेक्टेड व्हीकल सॉल्यूशंस - फ्लीट मैनेजमेंट के लिए आईमैक्स कनेक्टेड सॉल्यूशन<br>• बेहतर भार क्षमता के लिए 3050 मिमी तक कार्गो बेड के साथ उच्च पेलोड क्षमता 2 टन<br>• बिलकुल नए केबिन एक्सटीरियर और इंटीरियर<br>• सड़क पर बेहतर दृश्यता के लिए सेफ लाइट टर्न<br>• 20,000 किमी पर सर्विस<br>• वाइडर व्हील ट्रैक<br>• अधिक कार्गो के लिए वाइडर कार्गो |

**<u>मुख्य वैरिएंट की विशेषताएं</u>**

| **बोलेरो मैक्स पिक-अप एचडी 2.0 लीटर** |
|---|
| • ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों जैसे ऊबड़-खाबड़ इलाकों पर सरपट दौड़ने के लिए तैयार<br>• 3050 मिमी की सेगमेंट-इन-सेगमेंट कार्गो बेड लंबाई और 2 टन का पेलोड इसे अपनी लोडिंग क्षमता के कारण सेगमेंट लीडर बनाता है<br>• नया 2-टन का ऑफर शुरुआती स्तर के एलसीवी सेगमेंट की जरूरतों को पूरा करता है<br>• मजबूत चेसिस और मजबूत बॉडी<br>• सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 7आर16 टायर स्थिरता सुनिश्चित करते है और लोडिंग के दौरान टूट-फूट से बचाव करते हैं<br>• निर्माण, कृषि और मत्स्य पालन जैसे मांग वाले काम के लिए उपयुक्त, जो इसे भारी-भरकम डिलीवरी के लिए आदर्श गाड़ी बनाता है |

Copyright © 2023 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.

| बोलेरो मैक्स पिक-अप एचडी 1.7एल, 1.7 और 1.3 |
|---|
| • यह बिग बोलेरो पिक-अप का अपडेटेड वर्जन है<br>• फलों और सब्जियों, और अन्य वजनी सामान के परिवहन जैसे शहरी इस्तेमाल के लिए तैयार डिजाइन<br>• 1.7 और 1.3 टन का प्रभावशाली पेलोड विकल्प और 3050 मिमी और 2765 मिमी का कार्गो लंबाई विकल्प<br>• क्लास लीडिंग 7आर15 टाय |

| बोलेरो मैक्स पिक-अप सिटी 1.5 और 1.4 |
|---|
| • शहर के भीतर उपयोग के लिए तैयार और फ्लीट मालिकों और वाणिज्यिक वाहन खरीदारों के लिए आदर्श है, जिन्हें छोटे, अधिक ईंधन कुशल पिकअप ट्रक की आवश्यकता होती है<br>• 1.5 और 1.4 टन के प्रभावशाली पेलोड विकल्प, 2640 मिमी की कार्गो लंबाई और 17.2 किमी/लीटर की ईंधन दक्षता के साथ, यह वाहन भीड़भाड़ वाले शहरों में सामान पहुंचाने के लिए एकदम सही है<br>• 200एनएम का टार्क और बड़ा टायर किसी भी भार को आसानी से ले जाना आसान बनाता है |

| बोलेरो मैक्स पिक-अप सिटी 1.3 |
|---|
| • शहर के भीतर उपयोग के लिए डिजाइन की गई है और उन फ्लीट मालिकों और वाणिज्यिक वाहन खरीदारों के लिए आदर्श है, जिन्हें छोटे, अधिक ईंधन कुशल पिकअप ट्रक की आवश्यकता होती है<br>• 1.3 टन के प्रभावशाली पेलोड, 2500 मिमी की कार्गो लंबाई और 17.2 किमी/लीटर की ईंधन दक्षता के साथ, यह वाहन भीड़भाड़ वाले शहरों में सामान पहुंचाने के लिए एकदम सही है<br>• 200एमएन का टार्क और बड़ा टायर किसी भी भार को आसानी से ले जाना आसान बनाता है |
| **बोलेरो मैक्स पिक-अप सिटी सीएनजी** |
| • पर्यावरण के अनुकूल ईंधन-कुशल विकल्प की तलाश कर रहे व्यवसायों के लिए उपयुक्त<br>• 1.2 टन की पेलोड क्षमता और 2500 मिमी की कार्गो लंबाई इसे छोटे व्यवसाय की डिलीवरी और लॉजिस्टिक्स के लिए आदर्श बनाती है<br>• एक विश्वसनीय और शक्तिशाली इंटर-सिटी परिवहन समाधान |

**About Mahindra**

Founded in 1945, the Mahindra Group is one of the largest and most admired multinational federation of companies with 260,000 employees in over 100 countries. It enjoys a leadership position in farm equipment, utility vehicles, information technology and financial services in India and is the world's largest tractor company by volume. It has a strong presence in renewable energy, agriculture, logistics, hospitality and real estate.

The Mahindra Group has a clear focus on leading ESG globally, enabling rural prosperity and enhancing urban living, with a goal to drive positive change in the lives of communities and stakeholders to enable them to Rise.

Copyright © 2023 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.

Learn more about Mahindra on www.mahindra.com / Twitter and Facebook: @MahindraRise/ For updates subscribe to https://www.mahindra.com/news-room.

**Media contact information**

Neha Anand
Head, Global Brand and Marketing Communication, Automotive Division
Email – anand.neha@mahindra.com
You can also write to us on: automediaenquiries@mahindra.com

Copyright © 2023 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.